**गुरु पूर्णिमा** धार्मिक, शैक्षणिक, सामाजिक संस्थानों में गुरु पूर्णिमा की धूम, शिष्यों ने किया गुरुजनों का पूजन-अर्चन

# अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाली शक्ति का नाम है गुरु




जगतगुरू डॉ. नरसिंह देवाचार्य जी महाराज और दंडी स्वामी कालिका नंद जी सरस्वती महाराज का पूजन-अर्चन करते श्रद्धालुगण

**जबलपुर।** गुरु और शिष्य के पवित्र संबंध का प्रतिबिंब गुरु पूर्णिमा पर शहर में विविध आयोजन हुए। जिसमें शहर के विभिन्न मंदिरों और सभी गुरु आश्रम में भीड़ लगी रही, लोग अपने गुरु का सम्मान करके उनका पूजन किया। इसी क्रम में श्री दत्त मंदिर परिसर, गोलबाजार में अत्यंत उत्साह एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। यह आयोजन विश्ववंद्य ब्रह्मनिष्ठ जूनापीठाधीशवर आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि जी महाराज की गुरु परंपरा से जुड़े शिष्य परिवारों, श्रद्धालु भक्तों एवं धर्मप्रेमियों की उपस्थिति में अत्यंत गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ।

## जगद्गुरु शंकराचार्य का किया पूजन

आदित्य वाहिनी द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद नंद सरस्वती महाराज का पूजन अर्चन और आरती की गई।

## गुरु ही गुरु पूर्ण मां : समयसागर



आचार्य श्री विद्यासागर सभा भवन में गुरु पूर्णिमा के पावन दिवस पर आचार्य श्री समय सागर महाराज ने अपने मांगलिक प्रवचन में कहा कि आषाढ़ सुदी पूर्णिमा का आज दिन है। भगवान महावीर का समवशरण लगा हुआ है और उसमें इन्द्रभूति गौतम का प्रवेश होता है। महावीर भगवान की दिव्य ध्वनि खिरी और गौतम गणधर ने उसको ग्रहण कर हम सबको बतलाया, जीवन में गुरु का बहुत महत्व है, गुरु जी आज के दिवस पर कहा करते थे कि गुरु +पूर्ण + मां अर्थात गुरु ही गुरु पूर्ण मां है धर्म सभा के प्रारंभ में प्रतिभास्थली की नन्ही नन्ही छात्राओं ने अपने रंगारंग प्रस्तुति के द्वारा गुरु चरणों में आस्था कभी जलाकर सबका मन मोह लिया।

## वीयू में विस्तार पत्रिका एवं न्यूज लेटर का विमोचन



नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संचालनालय विस्तार शिक्षा द्वारा पशुपालन विस्तार पत्रिका एवं न्यूज लेटर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर वि.वि. के कुलसचिव, डॉ. डॉ.एस.एस.तोमर, संचालक अनुसंधान सेवायें, डॉ. श्रीकांत जोशी, लेखा नियंत्रक महेश कोरी, संचालक प्रक्षेत्र डॉ.जी.पी. लखानी, संचालक शिक्षक डॉ. मधु स्वामी, डीन डॉ. आर.के.शर्मा, डॉ एस.के. महाजन आदि उपस्थित रहे।

**महर्षि विद्या मंदिर में मनाई गुरुपूर्णिमा-** महर्षि विद्या मंदिर नेपियर टाउन के तत्वावधान में गुरुपूर्णिमा का पावन पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विद्यालय के प्राचार्य नीलेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में एवं सांस्कृतिक समिति की अध्यक्षा सुश्री आराधना के निर्देशन में सांस्कृतिक समिति की सदस्य नीलिमा बोस एवं लक्ष्मी छत्री के निर्देशन में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उद्गम तरंगिणी फाऊंडेशन की सचिव डिम्पी विश्वकर्मा थी।

## गुरु पूर्णिमा पर्व गुरु शिष्य परंपरा का गौरव : कुलगुरू



गुरु पूर्णिमा पर्व, गुरु शिष्य परंपरा का गौरव है। जीवन में जिस भी व्यक्ति से जो भी सीखने को मिले, वही गुरु है। प्राचीन गुरुकुल व्यवस्था में शिक्षा केवल नौकरी की तैयारी नहीं थी। वह जीवन की पूर्ण तैयारी थी। शरीर, मन, भावना और आत्मा, सभी का एक साथ पोषण होता था। गुरु केवल शिक्षक नहीं थे, बल्कि एक दर्पण, एक दिशा-सूचक और आंतरिक स्पष्टता के मार्गदर्शक थे। भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा गुरु पूर्णिमा पर्व को समर्पित है। समस्त गुरुओं को सादर नमन करते हुए उनके ज्ञान को आमसात करना ही इस पर्व को सार्थक बनाता है। ये उद्गार कुलगुरू प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने विश्वविद्यालय के एकात्म भवन में आयोजित गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृत विभाग के पूर्व आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. राधिका प्रसाद मिश्र, विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव डॉ. आर.के. बघेल, विशेष अतिथि डॉ. अखिलेश कुमार, संयोजक विभागाध्यक्ष प्रो. धीरेन्द्र पाठक थे।उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, फेसबुक लाईव, ट्वीटर, यू-ट्यूब इत्यादि के माध्यम से किया गया। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के एकात्म भवन में कुलगुरू प्रो. राजेश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन एवं कुलसचिव डॉ. आर.के. बघेल के निर्देशन में गुरू पूर्णिमा कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की समुचित व्यवस्था की गई थी।

## भाजपा ने किया गुरुओं का पूजन एवं सम्मान



भारतीय जनता पार्टी जबलपुर द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर महानगर के सभी मंडलों में गुरु पूजन एवं सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह सहित भाजपा के जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों ने गुरु स्थान पर पहुंचकर सम्मान एवं पूजन किया। भाजपा द्वारा सभी 18 मंडलों में निवास करने वाले संत महात्मा, पुरोहित, कला, संस्कृति, शिक्षक, एवं खेल प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने सिद्धघाट स्थित श्री श्री बाबा श्री के आश्रम में गुरु पूजन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अशोक रोहाणी विधायक अभिलाष पांडे, महामंत्री पंकज दुबे ने गुरुपूजन किया।

## अधिवक्ताओं ने अर्पित की पुष्पांजलि



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्मलीन आदर्श मुनि त्रिवेदी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया एवं उनके बताए आदर्श एवं सिद्धांतो पर चलने की प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर अधिवक्ता रमन पटेल, सत्येंद्र ज्योतिषी राजेश दुबे, विभूदेंद्र मिश्रा, विजय श्रीवास्तव प्रशांत अवस्थी आनंद शुक्ला रितेश शर्मा अपूर्व त्रिवेदी ऋषभ दुबे शुभम अग्रवाल रणजीत सिंह परिहार सुशील मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

---

### एक नजर में

## श्यामसुन्दर अध्यक्ष एवं शरद बने सचिव



**जबलपुर।** जबलपुर मारवाड़ी सम्मेलन के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें मार्गदर्शक एवं संरक्षक मंगलचंद टॉटिया, विजय भूरा, रामअवतार सारडा द्वारा अध्यक्ष श्यामसुन्दर माहेश्वरी (जेठा), सचिव शरद डागा एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए अशोक जोशी को चयनित किया गया। जबलपुर मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना सन् 2000 में (राजस्थान से सम्बद्ध जैन, अग्रवाल, खण्डेलवाल, माहेश्वरी एवं ब्राहम्ण) घटक के सदस्यों ने मिलकर की थी। यह सुदृढ़ एवं संगठित सम विचारों वाली एवं संस्कृति की संस्था है।



## पचपेड़ी में 85 नर्सरी बच्चों के साथ पौधा रोपण

**जबलपुर।** एक पौधा देश के नाम थीम पर रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर और रोटरी क्लब जाबालिपुरम द्वारा संयुक्त रूप से वेब मेमोरियल नर्सरी स्कूल, पचपेड़ी में 85 नर्सरी बच्चों के साथ पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर से अध्यक्ष मिताली बनर्जी, दिपांकर बनर्जी, सचिव रूपेश राय और अंजलि राय उपस्थित रहे। जिनकी विवाह वर्षगांठ भी कार्यक्रम में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कोषाध्यक्ष जय सचदेवा का जन्मदिन उनकी पत्नी आर्ची के साथ मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य रूपा बनर्जी और आशीष बनर्जी का जन्मदिन भी वृक्षारोपण के साथ मनाया गया। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता अंशुमान शुक्ला का भी जन्मदिन इस अवसर पर मनाया गया। कार्यक्रम में अन्य प्रमुख उपस्थिति में लोकेश और मुकुल चौबे, एन के श्रीवास्तव और मनीषा श्रीवास्तव, संगीता और अनुपम सिन्हा, अमिताभ मुखर्जी, प्रवीण जैसवाल, समीर श्रीवास शामिल रहे। कार्यक्रम में रोटरी असिस्टेंट गवर्नर अंकुर महेश्वरी और जाबालिपुरम क्लब के अध्यक्ष मयंक अरोरा की उपस्थिति रही।

## मौसी के घर से अपने धाम पहुंचे जगत के नाथ

**भगवान जगन्नाथ स्वामी की वापसी रथयात्रा**



**जबलपुर।** वात्री साहू समाज जबलपुर द्वारा संचालित श्री जगदीश स्वामी कर्मा माई शंकर भगवान मंदिर ट्रस्ट लॉर्डगंज के तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ स्वामी की वापसी रथयात्रा निकाली गई जो बड़ी खेरमाई से प्रारंभ होकर गढ़ाफाटक स्थित साहू धर्मशाला में संपन्न हुई। साहू समाज के कोठिया श्रीकान्त साहू ने बताया साहू समाज द्वारा निकाली रथयात्रा के बाद भगवान बड़ी खेरमाई स्थित सिंहवाहनी मंदिर को अपनी मौसी का घर मानकर विश्राम करते है, 12 दिनों के बाद गुरु पूर्णिमा के दिवस वापसी रथयात्रा निकाली जाती है। इस अवसर पर वात्री साहू समाज के मुखिया मेहते राजेन्द्र साहू, चौधरी मुकेश साहू, हरीश साहू, राजेश साहू पप्पू, नरेंद्र साहू, राकेश साहू, रवि साहू, सुभाष साहू, विनोद साहू, गुड्डा साहू, मनोज साहू, मनोहर साहू, राजू साहू, सुरेश साहू, श्रीकांत साहू, के साथ बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु एवं मातृ शक्ति शामिल हुई।

## सारा को मिला अंतरिक्ष यात्री शुभांशु से बात करने का मौका



**जबलपुर।** अंतरिक्ष में पहुंचने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से रेडियो के माध्यम से मेघालय और असम के जिन 10 बच्चों से बात की उनमें सारा शेकटकर को भी सवाल करने का अवसर मिला है। सेवा निवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डीबी शेकटकर के सुपुत्र तथा सच्चिदानंद शेकटकर के भतीजे ब्रिगेडियर मयूर शेकटकर की बेटी सारा शेकटकर आर्मी स्कूल में पढ़ाई कर रही है। सारा 10 बच्चों के साथ शिलांग में उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष केंद्र में मौजूद रहीं। इन बच्चों ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को 20 प्रश्न भेजे थे। अंतरिक्ष यात्री शुभांशु ने 10 मिनिट तक हैम रेडियो के माध्यम से बच्चों से चर्चा की और बच्चों से बोले मैं लौट कर आऊंगा और आपका मार्गदर्शन करुंगा।

## तकनीकी समाधान और सुझावों को विशेषज्ञों ने माना उपयोगी



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) मुख्यालय जबलपुर में पदस्थ कार्यपालन अभियंता हितेश कुमार तिवारी द्वारा प्रस्तुत तकनीकी शोधपत्र को जयपुर में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अत्यधिक सराहना प्राप्त हुई है। यह सम्मेलन अमेरिका मुख्यालय स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर्स के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। श्री तिवारी का शोधपत्र प्रस्तावित 2×800 मेगावाट उत्पादन इकाइयों से विद्युत निकासी हेतु ट्रांसमिशन सिस्टम नेटवर्क की तकनीकी-आर्थिक योजना विषय पर आधारित है। यह शोध पत्र डॉ. राजीव कुमार चौहान एवं डॉ. संजय कुमार मौर्य के सहयोग से 5 वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया, इसमें सतत ऊर्जा एवं भविष्य की विद्युत परिवहन प्रणालियों पर भी गहन मंथन हुआ। कांफ्रेंस मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर के ऊर्जा एवं पर्यावरण केंद्र में आयोजित हुई।

## स्थापना दिवस पर निकली साईबाबा की पालकी

**जबलपुर।** गुरुपूर्णिमा एवं गंगा मैया साई मंदिर स्थापना दिवस के दो वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर गंगा मैया साई मंदिर समिति द्वारा सुंदर कांड एवं हवन पूजन किया गया। जिसके बाद बाबा की पालकी यत्रा नगर भ्रमण के लिये निकाली गई। पालकी के बाद शाम 7.30 बजे साई बाबा की महा आरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साई मंदिर संस्थापाक जयनाथ सोनी, सुनील खाम्परिया, बीरेंद्र पटेल, श्याम लाल, सुरेश सोनी, ओमप्रकाश सोनी, सुरेंदर रजक, विजय तिवारी, सनी दीक्षित मंचन दुबे, महेन्द्र, अरविन्द, जगदीश, रोहित, जितेश मुकुल, दिनेश, मोनू, गोलू राजपूत, कृष्णा सोनी, सिब्बू एवं सम्यस्त साई मंदिर के कार्यकर्तृता सहित साई परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## हम तुम एक कमरे में बंद हो और . . .

**जबलपुर, नवभारत।** उड़ान संगीत एवं सामाजिक संस्था के तत्वाधान में एक और सुरमयी शाम कार्यक्रम का सफल आयोजन गुरुवार को दत्त मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। सबसे पहले संस्था के अध्यक्ष और गायक इंद्रपाल गोगी एवं उनकी प्रमुख सहयोगी सचिव एवं गायिका बिन्दिया पैंगवार द्वारा अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रमोद सुकृत, राजेश तिवारी, रमेश खड्सन ने आज शाम होने आई, अपनी तो जैसे तैसे, सूरज हुआ मद्धम जैसे मनमोहक गीत प्रस्तुत किए गए, किार्यक्रम सुरमई शाम में जहां विन्दिया पैंगवार, पी. डी. दीक्षित, किशोर कथूरिया, संजय मोहरीर, कमल कांत, डा. पूनम शर्मा, जैसे एक बढ़कर एक



कलाकार अपने गीतों की प्रस्तुति दे रहे थे। वहीं इन कलाकारों को सुनने के लिए भरी बरसात में भी दर्शकगण बड़ी संख्या में पहुंच रहे थे। इस अवसर पर सुशील श्रीवास्तव, वीरेन्द्र विश्वकर्मा, अशोक पैंगवार, दुर्गेश व्यौहार, प्रीति नामदेव विजय बेन एवं प्रमोद जैन द्वारा बेहतरीन प्रस्तुतियाँ दी गई। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन राजेश पाठक द्वारा किया गया।

### इनका कहना है



मैंने कोई गाने की प्रस्तुति तो नहीं दी लेकिन पूरा कार्यक्रम बैठकर खूब इंजॉय किया। सभी ने एक से बढ़कर एक गीत गाए।

अभिनव पैग्वार



सर मैं शाम कार्यक्रम में मैंने पांच जीत गए इनमें से दो गीत डुएट गए थे। मेरा सबसे पसंदीदा गीत है अंखियों के झरोखे से मैने ये गीत भी गाया था।

प्रमोद सुकृत



## ईएलआई प्रोत्साहन योजना लागू

**जबलपुर।** ईएलआई योजना के बहुआयामी पहलूओं से नियोक्ता एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को अवगत कराए जाने के उद्देश्य से क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त राकेश सहरावत द्वारा नियोक्ता एसोसिएशन के साथ विशेष बैठक आयोजित की गयी। राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारियों को एक महीने का वेतन या अधिकतम 15,000 तक दो किस्तों में सरकार द्वारा दिये जाएंगे। बैठक में नियोक्ता एसोसिएशन के प्रतिनिधि मनीष पटेल, लघुउद्योग भारती, अशफाक अहमद, पावरलूम क्लॉथ मेनुफेक्चरिंग एशोसिएशन, सुबोध कुमार जैन, एमपीएसएसआईओ, डी आर जैसवानी, महाकौशल उद्योग संघ, दीपक जैन, जबलपुर गारमेंट एण्ड फैशन डिजाइनर कलस्टर उपस्थित रहे।


**नेशनल हॉस्पिटल** — स्थान: 703, गोलबाजार, जबलपुर फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S. C.S.M.A. E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग ● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्योरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगो का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेज़र द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतो में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग
28 वर्षों से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

FIRST TIME IN INDIA
भारत में पहली बार एक मात्र आयुर्वेदिक सेंटर जहां पर ठीक होने के बाद पैसा देना पड़ता है
**स्पर्श आयुर्वेदा रिसर्च** सुरक्षित आयुर्वेदिक उपचार
1013 नरसिंह बिल्डिंग अपना बाजार के सामने रानीताल चौक, जबलपुर मो. नं. 8234092477, 9713951308, 9302791019
विशेष- एक दिन पहले नंबर लगाये। उपलब्ध उपचार- शुगर किडनी हार्ट ब्लाकेज सिरोसिस सफेद दाग लकवा माइग्रेन साईटिका घुटनों में दर्द एवं गेप सेक्स प्रॉब्लम (स्त्री/पुरुष) अस्थमा IBS PCOD/PCOS FATTY LEVER CANCER

**भवन निर्माण**
₹ 1500/- वर्गफुट कंस्ट्रक्शन
माड्यूलर किचिन लेटबाथ स्टील रेलिंग बिजली पानी, मटेरियल सहित, कम्पलीट वर्क
संपर्क करे कमलेश पटेल- मो.नं. 6260334877

प्रवेश सूचना प्रवेश सूचना प्रवेश सूचना
**रेवा बी.एड. कॉलेज** NCTE,उच्च शिक्षा विभाग व रानी दुर्गावती वि.वि. से मान्यता प्राप्त
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन (कॉलेज कोड-2174)
प्रथम चरण 15/05/2025-30/05/2025
द्वितीय चरण 07/06/2025-13/06/2025
तृतीय चरण 20/06/2025-25/06/2025
**साँई डी.एड. कॉलेज** (कॉलेज कोड-71209) NCTE, माध्यमिक शिक्षा मण्डल से मान्यता प्राप्त 67, महाकौशल नगर, अधारताल, जबलपुर मो. 9425868370, 9407183087

(नर्सरी से बारहवीं तक) हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम
**होली लाईट चिल्ड्रन्स ऐकेडमी हॉयर सेकेण्डरी स्कूल** शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारम्भ Holy Light Children's Academy Higher Secondary School
स्थापना- 1992 डाईस कोड- 23390231102 पंजी.क्र. JJ1162 संस्था कोड- 712304
नोट- गरीबी रेखा कार्ड धारकों को फीस की विशेष सुविधा
अभिभावकों को मोबाईल एप द्वारा विद्यालय की समस्त जानकारी लाईव ● अनुभवी शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा अध्यापन, स्वस्थ शिक्षा वातावरण ● खेलकूद के लिये मैदान व शाला भवन की स्थाई ईमारत ● विशिष्ट शिक्षण विधियों द्वारा अध्यापन, नैतिक एवं पारम्परिक संस्कारों एवं आधुनिक ● विचारों से सुसज्जित शिक्षा ● पेंटिग, ड्राईग, योग कक्षा, जूड़ों का विशेष प्रशिक्षण, कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था ● पिकनिक, आनंद मेला, वार्षिकोत्सव व क्राफ्ट प्रदर्शनी का प्रत्येक वर्ष आयोजन
1250/1, Jai Prakash Nagar, Adhartal, Jabalpur (MP) 482004 Mob: 9301646302, 9407059444